कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध), संतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक/एफ–5/912/2019/10–11/3682 भोपाल, दिनांक 18-11-19

प्रति,

न्यूट्रिक एजुकेशन सोसायटी,
एम0आई0जी0 247, माधव नगर,
ग्वालियर, म0प्र0।

विषयः– ग्वालियर जिले के ग्राम डोंगरपुर में इंस्टीट्यूट एण्ड रिहेब्लिटेशन फोर पेरालेसिस एण्ड पैराप्लेजिक हॉस्पिटल के नवीन भवन निर्माण हेतु 0.990 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि न्यूट्रिक एजुकेशन सोसायटी, ग्वालियर को उपयोग पर देने बाबत्।

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक, ग्वालियर का पत्र क्र./मा.चि./6396 दिनंक 23.10.2019

––0––

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिसके द्वारा मुख्य वन संरक्षक, ग्वालियर ने विषयांकित प्रस्ताव ऑनलाईन एवं हार्डकॉपी में इस कार्यालय को अनुमोदन हेतु भेजा हैं।

ग्वालियर जिले में गत वर्षों में सम्भाग आयुक्त, ग्वालियर हेतु एवं सरस्वती शिक्षण संस्थान, ग्वालियर द्वारा 01 हेक्टेयर का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजने पर उनके द्वारा कहा गया था कि यह कार्य साइट स्पेसिफिक (site specific) नहीं है। यह निर्माण कार्य किसी भी राजस्व भूमि पर किया जा सकता है।

उपरोक्त आपके प्रस्ताव में प्रस्तावित राजस्व वन भूमि का गूगल पर अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रस्तावित राजस्व वन भूमि के आसपास काफी राजस्व भूमि उपलब्ध है तथा कई कॉलोनियां भी निर्मित है।

अतः इस संबंध में अवगत करावें कि प्रस्तावित स्थल के आसपास निजी भूमि क्रय कर यह निर्माण कार्य क्यों स्थापित नहीं किया जा सकता है। इसका ठोस कारण बतावें ताकि प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा सके।

15/11/19

(सुनील अग्रवाल)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक/एफ–5/912/2019/10–11/3683 भोपाल, दिनांक 18-11-19

प्रतिलिपिः–

1– मुख्य वन संरक्षक, ग्वालियर वृत्त, ग्वालियर, मध्यप्रदेश।

2– वनमण्डलाधिकारी, (सामान्य) वन मण्डल, ग्वालियर, मध्यप्रदेश।

की ओर उपरोक्त संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

15/11/19

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल